राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
Rajasthan University Of Health Sciences
Sector-18, Kumbha Marg,Pratap Nagar, Jaipur 302033
Phone Number: 0141–2795512, 2795534, 2795544
Email: ce@ruhsraj.org, Website: **www.ruhsraj.org**

क्रमांक एफ–4 ( )सी.ई / राज.स्वा.वि.वि. / 2025 / 39828 दिनांक 18/03/2025

अति–आवश्यक

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध चिकित्सा, दंत,
फार्मेसी, फिजियोथेरेपी, पैरामेडिकल,
नर्सिंग महाविद्यालय, राज.स्वा.वि.वि., जयपुर।

विषयः– एकादशम् दीक्षान्त समारोह (24 अप्रैल, 2026) हेतु वर्ष 2024 एवं 2025 (2025 की MBBS, BDS, BPT, BSc-MLT के अतिरिक्त) की परिक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना भिजवाने हेतु।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2024 व 2025 (2025 की MBBS, BDS, BPT, BSc-MLT के अतिरिक्त) की परिक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने लिए एकादशम् दीक्षान्त समारोह 24 अप्रैल, 2026 को आयोजित किया जा रहा है।

उक्त के संबंध में लेख है कि आपके महाविद्यालय के वर्ष 2024 एवं 2025 (2025 की MBBS, BDS, BPT, BSc-MLT के अतिरिक्त) की परिक्षाओं में संबंधित पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की महाविद्यालय के Email पर प्रेषित सूचियों के संबंध में निम्न बिन्दुओं की जाँच कर सूचना उक्त सूचियां प्राप्त होने/अपलोड होने के 05 दिवस के भीतर आवश्यक रूप से प्रेषित की जानी हैः–

1. सूचियों में उल्लेखित कोई भी छात्र माननीय न्यायालय प्रकरण से संबंधित नहीं हो।
2. उक्त सूचियों से संबंधित किसी भी छात्र को संबंधित Council यथा INC, राज्य सरकार, माननीय न्यायालय आदि द्वारा Discharge या अयोग्य घोषित नहीं किया गया हो एवं किसी भी छात्र का कोई प्रकरण न्यायालय में लम्बित ना हो।
3. सूचियों से संबंधित छात्र पाठ्यक्रम के समस्त कक्षाओं व समस्त विषयों में उत्तीर्ण हों।
4. संलग्न सूचियों में छात्रों के हिन्दी नाम की जाँच आवश्यक रूप से करें एवं यदि किसी नाम में त्रुटि हो, तो विश्वविद्यालय को ई–मेल के माध्यम से शीघ्र सूचित करें।
5. संलग्न सूची में यदि उपाधि प्राप्त करने योग्य किसी छात्र / छात्रा का नाम जुडने (ADD) से रह गया हो या अपात्र छात्र / छात्रा का नाम हटाये (DELETE) जाने हो तो पत्र में उक्त सूचना भी प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करवाने का श्रम करावें।
6. वर्ष 2024 से पूर्व के वर्षो में उतीर्ण किसी भी योग्य छात्र की उपाधि जारी नही हुई है तो छात्र का नाम जुडवाने हेतु पूर्ण सूचना प्रेषित करे।

बिन्दू संख्या 1–6 संबंधी सूचनाएं निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं होने पर यह माना जायेगा कि उपरोक्त के संबंध में कोई प्रकरण महाविद्यालय स्तर पर लंबित नहीं है एवं तदानुसार विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित सूचियों को अंतिम मानते हुए उपाधियों संबंधी अग्रिम कार्यवाही संपादित कर दी जायेंगी।

अतः उक्त सूचनाएँ निर्धारित समयावधि तक आवश्यक रूप से संकायवार ई–मेल (ce@ruhsraj.org, arexam@ruhsraj.org, dentalconduct@ruhsraj.org, medicalconduct@ruhsraj.org, bptconduct@ruhsraj.org, nursingconduct@ruhsraj.org, pharmacyconduct@ruhsraj.org) पर भिजवाने का श्रम करावें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक एफ–4 ( )सी.ई / राज.स्वा.वि.वि. / 2025 / 39829-37 दिनांक 18/03/2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, कुलगुरु महोदय, राज.स्वा.वि.वि., जयपुर।
2. निजी सहायक, कुलसचिव, राज.स्वा.वि.वि., जयपुर।
3. उप / सहायक कुलसचिव / प्रभारी अधिकारी, गोपनीय / परीक्षा / नामांकन अनु. राज.स्वा.वि.वि.,जयपुर।
4. वेबसाईट प्रभारी को सूचियां वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

सहायक कुलसचिव
(परीक्षा कण्डक्ट)